भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
लोक उद्यम विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या 229*
दिनांक 09 जुलाई, 2019 को उत्तर देने के लिए

सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों का कार्य निष्पादन

***229. श्री उपेन्द्र सिंह रावत:**
श्री कौशल किशोर:

क्या **भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार द्वारा चलाये जा रहे उद्यमों, विशेषकर उन क्षेत्रों, जिनमें बड़े स्तर पर निजी क्षेत्रों का प्रवेश हो गया है, उनकी लाभप्रदता तथा बाज़ार हिस्सेदारी में विगत कुछेक वर्षों में गिरावट आई है;

(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा देश में इन सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के कार्य निष्पादन में सुधार करने हेतु कोई नये एवं नवोन्मेषी कदम उठाए जा रहे हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री अरविन्द गणपत सावंत)

(क) से (घ) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

***

माननीय सदस्य श्री उपेन्द्र सिंह् रावत और श्री कौशल किशोर द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों का कार्य निष्पादन के संबंध में पूछे गए दिनांक 09.07.2019 को उत्तरार्थ लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या * 229 से संबंधित विवरण

(क) और (ख) : केन्द्रीय सरकारी लोक उद्यमों (सीपीएसईज़) के कार्य निष्पादन पर दिनांक 27.12.2018 को संसद के दोनों सदनों में प्रस्तुत लोक उद्यम सर्वेक्षण (2017-18) के अनुसार, दिनांक 31.3.2018 तक 257 सीपीएसईज़ प्रचालनरत थे। इन सीपीएसईज़ को कारोबार संबंधी कार्यकलापों की प्रकृति के आधार पर 20 सैक्टरों में बांटा गया है। निजी क्षेत्र के उद्यम लगभग सभी सैक्टर में विद्यमान हैं। पिछले तीन वर्षों (2017-18, 2016-17 और 2015-16) के लिए सभी प्रचालनरत सीपीएसईज़ का निवल लाभ/हानि और सकल कारोबार का सैक्टर-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है। लोक उद्यम विभाग में, निजी क्षेत्र के उद्यमों से संबंधित सूचना नहीं रखी जाती है।

(ग) और (घ) : सीपीएसईज़ के कार्य निष्पादन में सुधार एक सतत प्रक्रिया है। संबंधित सीपीएसईज पर क्षेत्राधिकार रखने वाले प्रशासनिक मंत्रालयों/विभागों द्वारा इनके कायाकल्प के लिए उद्यम विशिष्ट मानदण्ड अपनाए जाते हैं । इनमें अन्य बातों के साथ-साथ, कारोबार पुनर्गठन जैसाकि संयुक्त उद्यमों का निर्माण, आधुनिकीकरण और उन्नत बाजार रणनीतियां, कारपोरेट अभिशासन, सीपीएसईज़ के बोर्ड का व्यवसायीकरण आदि शामिल हैं । रुग्ण सीपीएसईज़ की बंदी सहित पुनरुद्धार/ पुनर्गठन/ विनिवेश अथवा उनको लाभकारी बनाने से संबंधित सभी मामले उनके प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग द्वारा मामला-दर-मामला आधार पर देखे जाते हैं।

अनुबंध

सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों का कार्य निष्पादन के संबंध में दिनांक 09.07.2019 को उत्तरार्थ लोक सभा के तारांकित प्रश्न संख्या *229 के भाग (क) और (ख) से संदर्भित अनुबंध

गत तीन वर्षों के लिए सकल कारोबार और निवल लाभ/ हानि का समूह – वार ब्यौरा

(रु. करोड़ में)

क्र. सं.	सेक्टर / सजातीय समूह	सकल कारोबार			निवल लाभ /हानि		
		2017-18	**2016-17**	**2015-16**	**2017-18**	**2016-17**	**2015-16**
1	कृषि आधारित उद्योग	953.05	1247.84	924.69	-102.58	-28.62	-68.71
2	कोयला	86940.55	83808.13	83560.98	15820.85	23597.70	30361.04
3	कच्चा तेल	108544.85	99104.14	98151.11	23431.97	19984.50	14696.73
4	अन्य खनिज एवं धातुएं	28330.36	21925.16	17118.08	5684.97	3875.46	3650.47
5	इस्पात	74555.23	63306.13	55133.82	-1711.39	-3946.34	-5466.19
6	पैट्रोलियम (रिफायनरी एंड मार्केटिंग)	1150870.26	1015344.47	920242.19	40804.22	40128.51	25123.38
7	फर्टिलाइजर्स	20174.19	18592.83	19617.82	253.15	167.53	9106.82
8	कैमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स	8778.62	7480.53	5491.26	-707.10	-1361.25	-1357.73
9	हैवी एंड मीडियम इंजीनियरिंग	79456.25	77506.95	71246.84	9305.82	8692.61	2990.40
10	ट्रांसपोर्टेशन वेहिकल एंड इक्यूपमेंट	3305.42	2834.66	3284.33	129.44	84.45	63.66
11	उद्योग एवं उपभोक्ता वस्तुएं	7142.68	8873.63	7624.95	-2732.73	-2684.26	-2529.28
12	वस्त्र	1071.14	1173.37	1173.23	-412.02	868.08	-89.57
13	विद्युत उत्पादन	122303.89	114876.19	103592.44	21398.74	20573.03	19084.73
14	विद्युत ट्रांसमिशन	30356.04	26028.53	20855.68	8351.1	7555.13	6017.57
15	ट्रेडिंग एंड मार्केटिंग	179048.75	169958.90	189674.60	-77.42	-156.31	-996.77
16	ट्रांस्पोर्ट एंड लॉजिस्टिक सर्विसेस	113099.65	103131.40	102151.51	3700.44	1905.67	3217.09
17	कांट्रेक्ट एंड कंस्ट्रक्शन और टेक. कंस्लटेंसी सर्विसेस	39661.95	34831.77	30150.11	2884.62	2412.86	2252.21
18	होटल एंड टूरिस्ट सर्विसेस	1875.99	1929.46	1887.42	185.07	164.17	156.34
19	वित्तीय सेवाएं	70953.69	69197.67	68493.71	12894.44	11112.95	14618.02
20	दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी	28524.94	34523.58	34259.96	-10727.69	-7447.75	-6591.26
	कुल योगः	**2155947.5**	**1955675.34**	**1834634.73**	**128373.90**	**125498.12**	**114239.00**